राम नाम का अमृत | By Jai Shankar Chaudhary |

राम नाम का अमृत,
पी गया घोल घोल के,
राम का दर्शन कराये,
सीना खोल खोल के।

राम नाम का प्यापारी है,
देता बहुत मुनाफा,
इससे सौदा पट जाए तो,
हिस्सा आधा आधा,
जितना मांगो उतना देगा,
तोल तोल के,
राम का दर्शन कराये,
सीना खोल खोल के।
तीसरा भाग :

इसके हाथ में झंडा,
जिसपे लिखा है श्री राम,
लाल लंगोटा हाथ में घोटा,
इसकी यहीं पहचान,
राम रिझाये गली गली में,
डोल डोल के,
राम का दर्शन कराये,
सीना खोल खोल के।
चौथा अंश :

हनुमान को पकड़ो वरना,
कलयुग में कल्याण नहीं,
नैया पार लगाना भव से,
ये इतना आसान नहीं,
'बनवारी' मैं थक गया,
सबको बोल बोल के,
राम का दर्शन कराये,
सीना खोल खोल के।

राम नाम का अमृत,
पी गया घोल घोल के,
राम का दर्शन कराये,
सीना खोल खोल के।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%85%e0%a4%ae%e0%a5%83%e0%a4%a4-by-jai-shankar-chaudhary/